हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

10 अफसरों को समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई.....



10 पर्यावरण बचाने के लिए 5-5 पौधे लगाएं : कंडेला



### जाजनवाला का बेटा जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद, तिरंगे में लिपटे शव को देख फफक-फफक कर रोए ग्रामीण

# पैरा कमांडो शहीद प्रदीप नैन पंचतत्व में विलीन

## आर्मी की टुकड़ी ने शस्त्र झुका कर दी अंतिम सलामी, 27 वर्षीय प्रदीप परिवार का इकलौता चिराग था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कुलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते समय मुठभेड़ में शहीद पैरामिल्ट्री कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन का सोमवार को गांव जाजनवाला में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आर्मी की टुकड़ी ने शस्त्र झुका कर उन्हें अंतिम सलामी दी। तिरंगे में लिपटे लाडले के शव को देख ग्रामीण फफक कर रो पड़े। प्रदीप नैन के पार्थिव शरीर को आर्मी की तिरंगे से सजी गाड़ी से लाया गया। जिसकी अगवानी तिरंगे लगी गाड़ियों तथा बाइकों के काफिले ने की। गांव को तिरंगे से सजाया था। स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार, एसडीएम अनिल दून, उकलाना के पूर्व विधायक नरेश सेलवाल, बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पचक्र अर्पित किए। ग्रामीणों ने प्रदीप की शहादत पर नारे भी लगाए। काबिलेगौर है कि 6 जुलाई को पैरामिल्ट्री कमांडो कुलगाम में आतंकवादी मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गया था। रविवार रात को प्रदीप नैन का पार्थिव शरीर हिसार कैंट पहुंचा था। जाजनवाला निवासी प्रदीप नैन (27) परिवार का इकलौता चिराग था। वर्ष 2015 में पैरामिल्ट्री में सिपाही के पद भर्ती हुआ था। प्रदीप के पिता बलवान सिंह ढ़ाई एकड़ के किसान हैं और खेतीबाड़ी करते हैं। जबकि मां रामस्नेही साधारण गृहणी हैं। उनकी छोटी बहन मंजू हैं जो शादीशुदा हैं। वर्ष 2022 में प्रदीप की शादी गांव लुटाना राजस्थान निवासी मनीषा से हुई थी। जो अब गर्भवती हैं। प्रदीप की फिलहाल पैरामिल्ट्री फोर्स में लांस नायक के पद पर कुलगाम जम्मू-कश्मीर में थी। कुलगाम में आंतकवादियों के छुपने की सूचना मिली थी। 6 जुलाई को आर्मी की टुकड़ी ने लांस नायक प्रदीप नैन के नेतृत्व में आंतकवादियों को घेर लिया और मुठभेड़ हो गई। फायरिंग में गोलिया लगने से लांस नायक प्रदीप नैन शहीद हो गया। प्रदीप नैन वर्ष 2019 में वालेंटियरी पैरामिल्ट्री में चले गए थे। परिजनों को इकलौते बेटे के खोने का गम तो है लेकिन शहदात पर गर्व भी है। पैरामिल्ट्री कमांडो प्रदीप नैन के पार्थिव शरीर को ला रहे आर्मी वाहन की अगवानी के लिए काफी संख्या में आसपास के इलाके के ग्रामीण गाड़ियों तथा बाइकों से हिसार जिले की सीमा पर पहुंचे। जिसके बाद शहादत के नारे लगाते हुए गांव पहुंचे। शव को पहले अंतिम दर्शन के लिए प्रदीप नैन के घर ले जाया गया। तिरंगे में लिपटे प्रदीप नैन के शव को देख कर पत्नी, मां व बहन फूट कर रोए। आधा घंटे तक शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। फिर अंतिम यात्रा शमशान के लिए चली तो लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ इतनी थी कि जहां तक नजर जाए वहीं तक श्रद्धासुमन अर्पित करने वाले दिखाई दे रहे थे। अंतिम विदाई का दृश्य भावुक तथा गर्वमय पूर्ण रहा।



शहीद प्रदीप को पुष्प चक्र अर्पित करते मुख्यमंत्री प्रतिनिधि स्वास्थ्यमंत्री कमल गुप्ता।



जींद। शहीद प्रदीप नैन को नमन करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।



जींद। गांव जाजवान में विलाप करते शहीद प्रदीप की पत्नी। *फोटो :हरिभूमि*

### जाजनवाला के वीर सपूत ने देशहित को सर्वोपरि रखा

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि यह दुख के साथ गर्व की बात है। जाजनवाला के वीर सपूत ने आतंकियों से लड़ते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रदीप नैन ने अपनी जान की परवाह नही की। देशहित को सर्वोपरि रखा। सदियों तक प्रदीप नैन की शहादत को याद रखा जाएगा।

**आंखों से बह निकले आंसू :** शहीद प्रदीप नैन की अंतिम विदाई का दृश्य अंत्यत भावुक तथा गर्वमय रहा। पिता बलवान अतिम दर्शन के दौरान बेटे के शव लिपट कर रो पडे। मां, पत्नी तथा बहन का बुरा हाल रहा। आर्मी टुकड़ी द्वारा अंतिम सलामी के साथ उल्टे शस्त्र कर मातम की धुन बजाई। शहीद प्रदीप नैन के चचेरे भाई कुलदीप नैन ने मुखाग्नि दी। जिसके साथ वहां मौजूद जनसैलाब के आंसू बह निकले। लगातार जनसैलाब द्वारा शहदात पर नारे लगाए जाते रहे।

### सरकार शहीद प्रदीप के नाम पर इंस्टीच्यूट खोले

बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने कहा कि बिनैण खाप को अपने लाडले प्रदीप नैन की शहादत पर गर्व है। जिसने अपनी जान की परवाह किए बैगर देश के लिए खुद को कुर्बान कर दिया। सरकार को चाहिए कि शहीद प्रदीप नैन के नाम पर इंस्टीच्यूट खोला जाए।

**शहीद की मां को किया सलाम, दुख के साथ गर्व भी:** सीएम प्रतिनिधि स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि वे शहीद प्रदीप नैन की मां को सलाम करते हैं। जिसने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। दुख होना भी स्वभाविक भी है। क्योंकि जवान बेटा चला गया लेकिन दुख के साथ गर्व भी है। जिसने आतंकवादियों को मौत के घाट उतार कर अपनी शहादत दी। सीएम नायब सैनी ने उन्हें भेजा है। शहीद परिवार को जो घोषित सहायता होगी जल्दी दी जाएगी।



जींद। शहीद प्रदीप नैन को सलामी देते सेना के जवान। *फोटो :हरिभूमि*

**प्रदीप नैन की शहादत पर देश को गर्वः** आर्मी वेटरन एसोसिएशन के जोनल प्रेसिडेंट राजबीर सिंह ने बताया कि पैरा कमांडो प्रदीप नैन ने शहादत से पूर्व पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया था। प्रदीप की शहादत पर देश को गर्व है।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी से गिरकर युवक की मौत

**सफीदों।** सोमवार को उपमंडल के गांव रामपुरा में स्कूटी से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना का कारण स्कूटी का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। मृतक की पहचान गांव रामपुरा निवासी कुलविंद्र (30) के रूप में हुई है। राहगीर उसे सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत्त घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### चार पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस के साथ दो काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने टोहाना रोड रजवाहा पर दो बदमाशों को काबू कर उनके कब्जे से एक पिस्टल, तीन पिस्तौल तथा तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपितों पर हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत पहले भी अपराधिक मामले दर्ज है।

### सफीदोः नाले में पड़ा मिला युवक का शव

**सफीदों।** सफीदों शहर के पुराने बस अड्डे के पास मकबरा पीर रोड़ पर देर सांय नाले में एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक युवक की पहचान रविदास बस्ती निवासी रविंद्र (32) के रूप में हुई है। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नगर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### बाइक चोरी मामले में आरोपित दबोचा

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए थाना चीका पुलिस के एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा अलीपुर जटान जिला पटियाला पंजाब निवासी जयकरा सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मलिकपुर निवासी चरणजीत की शिकायत अनुसार 3 अप्रैल को उसकी बाइक गौशाला रोड़ चीका से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया।

### योगेश मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान बने

**जींद।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के आजीवन सदस्यों की बैठक मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान योगेश गोयल ने की। बैठक में सभी की सहमति से वरिष्ठ सदस्य राजकुमार गोयल को नया प्रधान चुनने के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा उनकी अध्यक्षता में आगे की कार्रवाई चली।

### अवैध असला रखने वाला अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा उद्घघोषित आरोपी गांव पाडला निवासी बलजीत सिंह को काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी बलजीत को तत्कालीन सीआईए-2 पुलिस द्वारा 25 मार्च 2016 को गांव पाडला से 315 बोर के अवैध देसी कट्टे सहित काबू किया गया था। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है।

### महिला से मारपीट करने पर पांच पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव संडील में महिला से मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संडील निवासी कमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में गेहूं की सफाई कर रही थी।

### पर्स छीनकर ले जाने वाले 3 आरोपी दबोचे

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र से एक महिला से 2 कपड़े बेचने वालों द्वारा 30 हजार रुपए छीनने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 3 आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पबनावा निवासी एक महिला की शिकायत अनुसार 27 जून को दोपहर के समय गली में 2 कपड़े बेचने वालो से लोवर व टिस्ट्र खरीदे।

# संतुलन बिगड़ने से बाइक से गिरे दो युवक, एक ने मौके पर ही तोड़ा दम

- गंभीरावस्था में घायल युवक पीजीआई रोहतक रेफर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर के जींद रोड पर स्थित मां भागो देवी अस्पताल के पास देर सांय बाइक का संतुलन बिगड़ने से दो युवक गिर गए। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान नगर के वार्ड नंबर 3 बाल्मीकि बस्ती निवासी सागर (22) व घायल युवक की पहचान आदर्श कालोनी निवासी दीपक (24) के रूप में हुई है। दोनों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने सागर को मृत्त घोषित कर दिया और घायल दीपक को प्राथमिक उपचार देकर पीजीआई रोहतक रैफर कर दिया। घटना की सूचना पाकर काफी तादाद में परिजन व लोग एकत्रित हो गए और पूरा माहौल गमजदा था। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के ब्यान दर्ज कर युवक के शव का पोस्टमार्टक करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने पुलिस को दिए ब्यान में कहा है कि सागर व दोस्त दीपक बाइक पर सवार होकर के आ रहे थे। मां भागों देवी अस्पताल के पास उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और गिर गए। घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में ले गए जहां पर डाक्टरों ने सागर को मृत्यु घोषित कर दिया।

# हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद

- न्यायाधीश ने 70000- 70000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने हत्या के एक मामले में सजा का ऐलान करते दो दोषियों को आजीवन कारावास और प्रत्येक को 70000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस बारे में भीमा राम निवासी गांव हाबड़ी ने थाना पूंडरी में 5 अगस्त 2021 को आईपीसी की धारा 302, 201 और 120-बी के तहत सोनू निवासी हाबड़ी और संजू निवासी गांव खेड़ी मटरवा के खिलाफ अभियोग नंबर 441 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी सुखदीप सिंह ने की। पुलिस रिपोर्ट के हवाले से सुखदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता भीमा राम का छोटा बेटा रवि कैथल में आटो चलाता है। भीमा के बड़े भाई पाला राम के बेटे सोनू की पत्नी पूजा की उसके पति सोनू के साथ अनबन रहती थी। करीब एक साल पहले पूजा ने अपने पति सोनू व परिवार वालों को बताया कि वह सोनू के साथ नहीं रहना चाहती, बल्कि रवि के साथ रहना चाहती हूं। इसके बाद वह झगड़ा करके अपने मायके गांव बालू चली गई। रवि से पूजा कैथल जाकर मिलती रहती थी। इस बारे भीमा की सोनू से रंजिश चल रही थी। इस बात को लेकर कई बार कहा सुनी भी हुई थी और सोनू ने रवि को जान से मारने की धमकी भी दे रखी थी। 3 अगस्त 2021 की रात को रवि अपनी आटो लेकर गांव हाबड़ी आया था और अगली सुबह करीब आठ बजे कैथल के लिये चला गया था। उसी रात को मालूम हुआ कि रवि सिरसल रोड पर आटो के पास सडक पर मृत पड़ा है।

### हथियार से घाव के निशान थे

भीमा अपने परिवार के साथ मौके पर गया और देखा कि रवि सडक पर खून से लथपथ पड़ा है। उसके गर्दन, छाती, पेट, पीठ, सिर, टांग पर तेज हथियार से घाव के निशान थे। भीमा ने शंका जाहिर की कि रवि की हत्या सोनू व उसके अन्य साथियों ने मिलकर की है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके सोनू और संजू को गिरफ्तार कर लिया और चालान अदालत में पेश कर दिया। मामले में कुल 27 गवाह पेश किए गए। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने 69 पेज के फैसले में सोनू और संजू को हत्या का दोषी पाया तथा गवाहों और सबूतों रोशनी में उन्हें उम्र कैद तथा 70- 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### ड्रेन के मेनहाल पर कई जगह नहीं लोहे के जाल

**उचाना।** मंडी में मेन रोड पर बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाई गई ड्रेन के मेनहाल पर लोहे के जाल कई जगह नहीं होने से हादसे का डर बना हुआ है। कई बार तो यहां पर दो पहिया वाहन चालक चोटिले होते-होते बचे है। बारिश के समय पानी मंडी में भरने के बाद कोई अगर सड़क के किनारे जाता है तो वो हादसे का शिकार हो सकता है। कई बार लोहे के जाल रखने की मांग की जा चुकी है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि कोई बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि मंडी ये रास्ता मेन है। यहां से लोगों का आना-जाना सबसे अधिक रहता है। बलबीर, रामनिवास, सुनील ने कहा कि बारिश के समय अगर कोई चालक सड़क किनारे जाते चोटिला हो गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। यहां पर बारिश का पानी भरने के बाद कुछ नजर नहीं आता है। अनजान वाहन चालक, राहगीर इसमें गिर कर चोटिला हो सकता है।

# खेत में मशीन ले जा रहे 4 लोग करंट से झुलसे

- बिजली की ढीली तारों ने अपनी चपेट में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव हजवाना में खराब सबमर्सिबल की मोटर को निकालने के लिए खेत में मशीन ले जा रहे किसान व उसके परिजनों को बिजली की ढीली तारों ने अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में करंट लगने से चार सदस्य झुलस गए, जिनमें से दो की गंभीर हालत के चलते पीजीआई चंडीगढ़ रैफर किया है, जबकि दो का इलाज शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल किसान ने बिजली निगम के एसडीओ, जेई, लाइनमैन व अन्य कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव हजवाना निवासी गुरमीत सिंह ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि बिजली निगम ने खेत में से 11000 हाई वोल्टेज की बिजली लाइन को निकाल रखा है। इस संबंध में उसने बिजली निगम के एसडीओ को व अन्य सभी कर्मचारियों जेई व लाइनमैन बार-बार अवगत करवाया था।

### कौशल रोजगार निगम में आरक्षण की मांग

**जुलाना।** प्रदेश में कौशल रोजगार निगम में एससी समाज के आरक्षण की मांग को लेकर एसडीएम अजय सिंह को समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा। संत कबीर दास समिति जुलाना के प्रधान महीपाल नागरए सचिव मपजीत आर्य, मा. विनोद सोलंकी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 22 जून कबीर जयंती के दिन हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत आगामी भर्तियों में ओबीसी लिए आरक्षण के प्रावधान की घोषणा कर दी थी किन्तु एससी वर्ग के ऐसा कोई प्रावधान या घोषणा नहीं की। कौशल रोजगार निगम का गठन 2022 में हुआ था इसके बाद अधिकतर सरकारी विभागों की भर्तियां इसी माध्यम से हो रही हैंए और उसमें ओबीसी को आरक्षण देने का प्रावधान की घोषणा कर दी गई किन्तु एससी वर्ग की अनदेखी की गई। सरकार से मांग है कि हम तो पिछड़े वर्ग से भी निचले स्तर पर दलित वर्ग के भी आरक्षण प्रावधान अवश्य करें। इस मौके पर अनिल, विनोद नागर, सोनू लाडवाल, अमन लाडवाल, सोनू, अनिल नागर, धर्मबीर, प्रवीण नागर, सन्नी नागर आदि अनेक साथी उपस्थित रहे।

# गलत लेन में वाहन चलाने पर 61 पर ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस ने आमजन की सुरक्षा व जागरुकता के लिए अलग अलग तरह के अभियान चलाए जाते है। इसी कडी में सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा के आदेशानुसार एसपी उपासना के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस ने चालकों को जागरुक किया, वहीं पर लाइन चेंज के 61 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन के लिए भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने के लिए चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरुक किया गया।

### जींदः यूजी कोर्स के लिए फीस भरने का आखिरी दिन आज

**जींद।** यूजी कोर्स में दाखिला लेने को लेकर पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने विद्यार्थियों को फीस भरने के लिए मंगलवार को आखिरी दिन है। वहीं ऑनलाइन फीस भरते समय सर्वर धीमा चलने के कारण विद्यार्थियों को फीस भरने में दिक्कत आ रही है। सोमवार को चार घंटे सर्वर नहीं चलने के कारण विद्यार्थी फ़ीस नहीं भर पाए। शाम चार बजे के बाद सर्वर ठीक हुआ। अगर अब शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होता है तो इसके बाद दस जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को जारी होगी। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी 13 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में सीट खाली रह जाती हैं तो 16 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी 17 जुलाई से लेकर 23 जुलाई तक 100 रुपए लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं।

### इस साल आने वाले तीन महीनों में मात्र 25 ही शुभ मुहूर्त

# ...आज से फिर प्रारंभ होगी शहनाई बजनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लंबे समय के इंतजार के बाद जुलाई माह में नौ जुलाई मंगलवार से शुभ विवाह मुहुर्त की शुरूआत हो रही है। इससे पहले अप्रैल माह में विवाह मुहूर्त थे। उस दौरान शुक्र के अस्त हो जाने के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों पर ग्रहण लग गया था लेकिन अब लगभग दो माह से भी 'यादा समय के बाद एक बार फिर नौ जुलाई से शहनाइयों की गूंज सुनाई देनी शुरू हो जाएगी। हालांकि इस साल आने वाले तीन महीनों में मात्र 25 ही शुभ मुहूर्त हैं। अगर इस दौरान विवाह नही होता है तो नव जोड़ों को आगामी वर्ष का इंतजार करना होगा। नौ जुलाई से विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। हालांकि यह केवल आठ दिन के लिए ही हैं। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी रहेगी और इस दिन से चातुर्मास शुरू हो जाएगा। इसके बाद फिर शादी विवाह पर रोक लग जाएगी। अगस्त, सितंबर, अक्टूबर माह में कोई लग्न मुहूर्त नही हैं। नवंबर महीने में भगवान विष्णु शिव सागर से विश्राम के बाद जागेंगे और इसके बाद ही विवाह का शुभ मुहूर्त शुरू होंगे। गौरतलब है कि इस साल बीते अप्रैल माह में शादियों के मुहूर्त के साथ शुक्र के अस्त हो जाने के कारण वैवाहिक कार्यक्रमों पर रोक लगी हुई थी। काफी लंबे इंतजार के बाद शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा और अगले तीन महीनों में केवल 25 दिनों तक ही शुभ मुहूर्त रहेगा।

### 17 के बाद चार महीने की रोक

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि वैवाहिक जीवन के लिए बृहस्पति और शुक्र ग्रह अस्त होने के चलते मई और जून में विवाह के लिए कोई शुभ मुहुर्त नही था। इसी वजह से अक्षय तृतीया पर सीमित संख्या में ही विवाह समारोह आयोजित किए गए। 28 अप्रैल को अस्त हुआ शुक्र तारा पांच जुलाई को उदय हुआ है। नौ जुलाई से विवाह समारोह फिर से शुरू होंगे। 9, 11, 12, 13 और 15 जुलाई को शादियां हो सकती हैं। इसके बाद 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी और चतुर्मास का संयोग होने के कारण कोई शादियां नही होंगी। इसके बाद फिर से चार महीने के लिए शादी पर रोक लग जाएगी। नवंबर में 12 तारिख से फिर शुभ मुहुर्त शुरू होंगे। वहीं साल के आखिरी महीने दिसंबर में शादी के लिए छह शुभ दिन होंगे जिनमें 4, 5, 9, 10, 14 दिसंबर और 15 तारिख शामिल है।

### ये रहेंगे जुलाई माह के मुहुर्त

जुलाई माह में 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15 और 16 तारिख हैं। जिनमें शहनाइयां गूजेंगी। नवंबर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 और 29 तारीख में शुभ मुहूर्त रहेगा।

# जमीन के बकाया 1.70 लाख रुपये नहीं मिलने से खफा हो टावर पर चढ़ा व्यक्ति

- प्रशासन पर भी लगाए पैसे नहीं दिलवाने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



बॉलीवुड की शोले फिल्म तो आप सभी ने देखी होगी, जिसमें बसंती से शादी करवाने की मांग को लेकर धर्मेंद्र एक पानी की टंकी पर चढ़ था। कुछ इसी प्रकार गांव बहादुरगढ़ का कृष्ण मांग मनवाने के लिए टावर पर चढ़ गया। लेकिन यहां मामला जोरू का नहीं, जमीन का था। कृष्ण का कहना था कि उसके द्वारा जमीन बेचने के बाद 1.70 लाख नहीं देने व प्रशासन द्वारा कोई भी सुनवाई नहीं करने से परेशान होकर वह टावर पर चढ़ा है। सूचना पाकर आननफानन में एसडीएम मनीष फोगाट, डीएसपी जितेंद्र व सदर थाना प्रभारी आत्माराम पहुंचे। अधिकारियों ने व्यक्ति से फोन पर बातचीत कर उतारने का प्रयास किया। लेकिन कृष्ण जिद्द पर अड़ा रहा कि जब तक जमीन के पैसे खाते में नहीं डाले जाते, तब तक नीचे नहीं उतरेगा मीडिया से फोन पर बातचीत कर बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति को जमीन बेची थी। जिसमें से खरीददार ने उसे 8.10 लाख दे दिए थे और अभी तक 1.70 लाख नहीं दिए है। अधिकारियों, ग्रामीणों व परिजनों के समझाने के बाद नीचे उतर गया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल में हुआ चुनाव

**उचाना ।** उचाना : शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल बुडायन में छात्रों के लिए चुनाव करवाया गया। यह चुनाव छात्र प्रतिनिधि चुनने के लिए करवाया गया। 11 छात्रों ने नामांकन किया। चुनाव का आयोजन बच्चों को चुनाव की जानकारी के लिए करवाया गया ताकि भविष्य में बच्चों को चुनाव की अहमियत का पता लग सके।; कार्यक्रम से बच्चों में जागरूकता उत्पन्न हो सके।

### नाबालिग लड़की लापता, केस दर्ज

**जींद।** श्याम नगर से नाबालिग लड़की के गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### लोगों को नही मिला सरसों का तेल, रोष

**जींद ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला सचिव मंडल की बैठक प्रकाश चंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के बाद पार्टी जिला सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि भाजपा सरकार जन दबाव के चलते अपने ही फैसला बदलने पर मजबूर है। जबकि अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी जैसी समस्याओं का कोई हल करने के लिए भाजपा सरकार गंभीर नही है।

### जीवन में कष्ट, विपत्ति का आना जरूरी : साध्वी

**उचाना ।** खटकड़ गांव में प्रवचन करते हुए साध्वी महिमा श्री ने कहा कि कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले श्रेष्ठ गुण है। जो व्यक्ति साहस के साथ उनका सामना करते है वे सदैव विजयी होते है। इसलिए जीवन में कभी कष्ट और विपत्ति से घबराना नहीं चाहिए बल्कि उनका डट कर मुकाबला करना चाहिए। जीवन में कष्ट, विपत्ति आने से अपने, पराए का पता चलता है। जिंदगी दो दिन की होती है।

### सोनी समाज ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जींद।** सोनी समाज की मांगों को लेकर शिष्टमण्डल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की धर्मपत्नी सुमन सैनी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। राजबीर उर्फ भीरा सोनी ने कहा कि सोनी समाज की मुख्य मांगों में हरियाणा स्वर्ण कला बोर्ड का गठन करना, लगभग डेढ़ प्रतिशत आबादी के अनुपात में विधानसभा चुनाव में सोनी समाज को टिकट देना, विभिन्न आयोगों, बोडार्ें, निगमों, शिक्षण संस्थाओं, स्वर्णकार समाज के हित में चोरी संबंधी प्रकरण की आईपीसी धारा 411 अथवा अब बीएनएस 317/2 के नियमों में सरलीकरण करना भी शामिल है।

### भाजपा बदल रही अपने फैसले : आदित्यवेश

**उचाना ।** हलके के गांवों में कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के पक्ष में मतदान करने पर मतदाताओं का आभार प्रकट करने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि बीजेपी की नाकामी और कारगुजारियां जगजाहिर हो चुकी हैं।

### थाना प्रभारी ने ली आढ़तियों की बैठक

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे में सुरक्षा को लेकर जुलाना थाना प्रभारी विनोद कुमार ने आढ़तियों की एक बैठक ली। बैठक में आढ़तियों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि सभी अपनी दुकानों में सीसीटीवी लगाएं। सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी जरूरी है।

### शिविर में लोगों ने किया बढ़ चढ़कर रक्तदान

**सफीदों ।** नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थित हैप्पी हॉल में गुरु नानक संघ सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि हरियाणा सरकार में एचपीएससी सदस्य आनंद शर्मा ने शिरकत की।

## समाधान शिविर में आई 169 समस्याएं

# अफसरों को समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ सोमवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 169 समस्याएं आई। जिनमें अधिकांश समस्याएं आय ठीक करवाने, मजदूरी के लिए श्रम विभाग के तहत कॉपी बनवाने, दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने, वृद्धावस्था, दिव्यांग विधवा पेंशन बनवाने से संबंधित रही। एडीसी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर पर और उपमंडल स्तर पर सभी विभागाध्यक्षों के साथ सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। कोई भी नागरिक अपनी वाजिब समस्या का समाधान करवाने के लिए अपना आवेदन अधिकारियों के समक्ष रख सकता है। उप मंडल स्तर पर एसडीएम द्वारा समस्याएं सुनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत प्रदान कर रहे हैं। खासकर उन लोगों के लिए जो अपनी पारिवारिक आईडी तैयार करवाने या उसमें सुधार करवाने के लिए दौड़ धूप कर रहे थे। समाधान शिविर में भिवानी रोड निवासी रामप्यारी गुलाबी राशन कार्ड बनवाने आई थी



जींद। मीटिंग में समस्याएं सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

उसका कहना था कि पहले उसको इस राशन कार्ड पर राशन मिलता था अब उसे राशन कार्ड पर कुछ समय से सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण उसे परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। इसी प्रकार गांव करेला निवासी धर्म सिंह यह शिकायत लेकर आए थे कि बारिश होने की वजह से खेत में पानी 'यादा भरने के कारण उनकी फसलों को नुक्सान हो जाता है जिसके लिए सरकार द्वारा ड्रेन की सुविधा तो उपलब्ध करवाई गई है। परंतु बिजली ना होने के कारण ड्रेन से पानी निकासी नही हो पाती। इन समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए एडीसी ने शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। जींद शहर निवासी रजनी ने बताया कि सक्षम में रजिस्ट्रेशन हो चुका है। परंतु उसको बेरोजगारी भत्ता अभी तक नहीं मिल पाया है।

### मौके पर ही किया समाधान

गांव झमोला निवासी सतीश अपनी फैमिली आईडी में आय अधिक दिखाए जाने पर कुछ समय से परेशान थे, जिसकी वजह से उनको सरकारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा था। समाधान शिविर में आकर उन्होंने इस समस्या से निजात पाया। जिसके लिए उन्होंने एडीसी का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार गांव अनूपगढ़ के रहने वाले रणबीर भी फैमिली आईडी में आय के 'यादा दिखाए जाने पर परेशान थे। उन्होंने भी मौके पर ही इस समस्या का समाधान पाकर एडीसी को धन्यवाद किया। अन्य कई समस्याओं का समाधान भी मौके पर ही होने से लोगों ने राहत की सांस ली और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### 33 शिकायतें सबसे ज्यादा परिवार पहचान पत्र से संबंधित पहुंची



**जींद ।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार उपमंडल के लघु सचिवालय स्थित सभागार में प्रशासन द्वारा लगातार समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सोमवार को एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में आमजन की समस्याएं सुनी गई। शिविर मे 33 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचेए इनमें से 'यादातर शिकायतें परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करवाने की थीए इसके अलावा बिजली, पेंशन, कब्जा छुड़वाने की भी शिकायतें थी। एसडीएम मनीष फोगाट ने आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के आदेश दिए। शिविर में बहादुरगढ़ गांव निवासी कुलदीप ने बताया कि उन्होंने एक किलोवाट घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग में आवेदन किया था लेकिन उसको अब तक बिजली कनेक्शन नहीं दिया। इस पर मौके पर ही संबंधित अधिकारी ने उसकी फाइल चैक करते हुए बताया की उनके पिता भन्नाराम के नाम से 42097 रुपये की राशि बिजली का बिल बकाया है। जिसकी वजह से उन्हें मीटर नहीं दिया गया। वहीं कालवा गांव के निवासी सत्यवान की जमीन पर जोर जबरदस्ती करके कच्ची नाली बनाने का मामला आया। उन्होंने बताया कि सुभाष, कर्मवीर व बल्लू द्वारा उनकी जमीन में नाजायज तरीके से कच्ची गली निकाली हुई है और इनके कहने के बाद भी वो लोग नहीं हटा रहे।

## फुटपाथ निर्माण में इंटरलाक टाइल लगाए जाने पर एतराज

- भूतेश्वर तीर्थ विकास समिति सदस्य बोले : खुबसूरत चेक टाइलज लगाई जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। इंटरलाक टाइलज लगाने पर एतराज जताते सुनील वशिष्ठ।

भूतेश्वर तीर्थ रानी तालाब के चारों तरफ फुटपाथ निर्माण में इंटरलाक टाइलज लगाए जाने पर एतराज जताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं भूतेश्वर तीर्थ विकास समिति के सदस्य सुनील वशिष्ठ ने कहा है कि इन्हें तत्काल हटाया जाए और इसके बदले खूबसूरत चेक टाइलज लगाई जाएं। जो जींद की पहचान ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल भूतेश्वर तीर्थ की खुबसूरती व मजबूती बढ़ाएं। सुनील वशिष्ठ ने बताया कि इंटरलॉक टाइलज उस फुटपाथ पर बेहतर रहती हैं। जहां पैदल यात्रियों के साथ भारी वाहनों का भी आना जाना हो ताकि वो उनके वजन में टूटे ना और वहां पानी भी जमीन में चला जाए लेकिन तीन से पांच फुट चौड़ा फुटपाथ जो सड़क से एक फुट ऊंचा है, जहां केवल पैदल यात्रियों को निकलना हैए वहां ऐसी टाइलज लगाई जानी चाहिए। जो इस ऐतिहासिक स्थल की खूबसूरती व मजबूती को चार चांद लगाने का कार्य करें। वैसे भी इन टाइलज में बारिस का पानी रिस-रिस कर परिक्रमा की दीवार में नमी पैदा करेगा। जिससे भीतर लगा धौलपुर पत्थर जिसे मिट्टी का पत्थर कहते हैं वो भूर-भूर कर गिर जाएगाद्ध क्योंकि इसी विभाग ने सबसे घटिया क्वालिटी का पतला सा पत्थर यहां लगाया हुआ है। सुनील वशिष्ठ ने बताया कि इसके बारे में विभाग के तमाम अधिकारियों से आग्रह किया जा चुका है और उन्होंने इन्हें हटाने की बात भी मान ली थी लेकिन उसके बावजूद ये टाइलज लगा कर औपचारिकता पूर्ण की जा रही हैं।

### लोगों को परेशानी में धकेलना पड़ेगा भारी : भारद्वाज



कांग्रेस वरिष्ठ नेता रघुवीर भारद्वाज

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि जींद की जनता-जनार्दन आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्तासीनों से दिये हुए दर्द का हिसाब चुकता करेगी। जिस तरह से सत्तासीनों ने अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में नैतिकता की तमाम हदे पार कर लोगों को परेशानी के दलदल में धकेला है, उसका खामियाजा भाजपा को निश्चित तौर पर भुगतना पड़ेगा। जिस तरह से जींद के लोगों के मान-सम्मान को सत्तासीनों ने चोट पहुंचाई है, उसका नतीजा बड़ी हार के तौर पर दिया जाएगा। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए रघुबीर भारद्वाज ने कहा कि जींद क्षेत्र में जिस तरह से लोगों के अंदर भाजपा के प्रति गुस्सा बना हुआ है, उसके नतीजन कोई भी कमल की कली पकड़ने के लिए आगे नहीं आएगा।

## मियावाकी पौधरोपण का किया शुभारंभ

- वन विभाग व प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



वन विभाग द्वारा मियावाकी पौधा रोपण का शुभारंभ स्थानीय शुगर मिल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर भारतीय वन सेवा अधिकारी एवं वन संरक्षक कुमारी बी. निवेदिता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया। भारतीय वन सेवा अधिकारी एवं वन संरक्षक कुमारी बी. निवेदिता ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आम नागरिकों से मानसून सत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह गंभीर है। वन विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें सभी को बढ़.चढकर भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इससे निपटने का एक ही प्राकृतिक तरीका है वृक्षारोपण। पेड़ हवा में मौजूद जहरीली गैस जैसे सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और छोटे कण को अवशोषित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करना भी उतना ही जरूरी है। एक पौधा वृक्ष बन कर बहुमूल्य ऑक्सीजन निःशुल्क प्रदान करता है। इसलिए वृक्षों की महत्ता को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण और बढ़ते तापमान को देखते हुए हमारे ईद-गिर्द हरियाली का होना बहुत जरूरी है। वनों के विकास से ही मानव का विकास संभव है। प्रकृति और मानव जीवन साथ-साथ चलता है। इसलिए हमें वन क्षेत्र को बढ़ाना चाहिए और अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

### मजदूर एवं परियोजना कर्मियों की मांगें लेकर प्रदर्शन 10 व 11 को

**जींद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन ;सीटूद्ध जिला कमेटी की बैठक जिला प्रधान सतबीर खरल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर मजदूरों एवं परियोजना कर्मियों के मांग मुद्दों को लेकर जिला मुख्यालय पर 10 व 11 जुलाई को होने वाले आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान सतबीर व सचिव कपूर सिंह ने कहा कि प्रदेश लोकसभा चुनाव के नतीजे से यह साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकारों द्वारा पिछले 10 साल में मजदूर विरोधी जो नीतियां लागू की गई जिन नीतियों की वजह से भयंकर बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी लगातार बढी है।

## लाइब्रेरी निर्माण का सपना किया सांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कालोनीवासियों को संबोधित करते हुए प्रदीप गिल। फोटो :हरिभूमि

वार्ड नंबर 28, शर्मा कॉलोनी में कांग्रेस नेता प्रदीप गिल ने साहिल द्वारा आयोजित जनसभा में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताओं, बहनों, बुजुर्गों और युवाओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रदीप गिल ने सभी से मिले आशीर्वाद स्नेह और प्यार के लिए आभार व्यक्त किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदीप गिल ने कहा कि मेरा सपना है कि जींद हल्के के 36 गांव और 31 वार्डों में एक-एक लाइब्रेरी का निर्माण हो। इसके लिए मुझे चाहे कितना ही संघर्ष क्यों न करना पड़े, मैं पीछे नहीं हटूंगा। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार और हमारे विधायक को युवाओं और बच्चों की कोई चिंता नहीं है। वे सिर्फ धर्म की राजनीति करके लोगों को बांटने में लगे हैं। प्रदेश में हर साल सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया जाता है और फर्जी एडमिशनों के माध्यम से घोटाले किए जा रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। प्रदीप गिल ने जोर देकर कहा कि यदि आपकी वोट की ताकत से मैं सत्ता में पहुंचता हूं तो जींद विस क्षेत्र के हर वार्ड और हर गांव में एक लाइब्रेरी का निर्माण अवश्य करूंगा ताकि युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके। रोहित, अक्षय, अमित, मोहित, परवेज, सन्नी मौजूद रहे।



उचाना। माता भ्रामरी देवी धाम को जाने वाली बस को रवाना करते हुए।

### देवी भूमि बनभौरी जाने के लिए मुफ्त बस सेवा जारी

**उचाना।** जय मां बनभौरी सेवा समिति द्वारा महीने में एक बार देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम के लिए मुफ्त बस सेवा शुरू की है। बीते साल दिसंबर माह में शुरू हुई ये बस सेवा निरंतर जारी है। गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी के पास से माता भक्त शुभम श्योराण द्वारा बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। महाराजा अग्रसेन मंदिर पुजारी अशोक शर्मा ने मंत्रोजाप किया। विकास मखंड ने बताया कि जय मां बनभौरी सेवा समिति बनाने के बाद फैसला लिया कि उचाना से देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर महीने में एक बार मुफ्त बस सेवा शुरू करने का फैसला लिया। यहां से सालासर, खाटू श्याम सहित अन्य धार्मिक स्थानों पर श्रद्धालु जाते है लेकिन बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर श्रद्धालुओं को लेकर जाने के लिए अब तक कोई पहल नहीं हुई थी। अब हर साल जय मां बनभौरी सेवा समिति श्रद्धालुओं को माता के दर्शन करवाने के लिए निःशुल्क लेकर जाती है। इस मौक पर अमित कापड़ो, विजय बंसल, नरेश मखंड, राजेंद्र उदयपुर, सुभाष उदयपुर, अशोक, प्रवीन जैन मौजूद रहे।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने चलाया फीवर मास सर्वे अभियान

- मलेरिया, डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग जुलाई महीने को डेंगू रोधी माह के रूप में मना रहा है। विभाग की टीमों द्वारा फीवर मास सर्वे द्वारा घर-घर जा कर लोगों को डेंगू के बारे में जागरूक किया गया। गांव गांगोली में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुखार पीड़ितों के सैंपल लिए व जांच के लिए भेजा व लोगों को डेंगू बारे में जागरूक किया गया। संदीप कुंडू ने लोगों को समझाते हुए बताया कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है जो कि एडीज नामक मच्छर के काटने से होती है। इसके शुरुआती लक्षणों में सिर के अगले हिस्से व आंखों के पीछे तेज दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, भूख न लगना आदि शामिल है। इससे बचाव के लिए अपने घर व आसपास मच्छर पैदा न होने दें, फ्रीज के पीछे की ट्रे में पानी को साफ कर दें।

गड्ढों को मिट्टी से भर दें। बुखार होने की अवस्था में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं व इलाज लें। डेंगू के डंक से अपने परिवार को बचाएं। उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ईक्कस व ढांडा खेड़ी में स्वास्थ्य सुपरवाइजर राजेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे किया। इस दौरान टंकी, कूलर, होदी, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, गमलों, पक्षियों के पानी पिलाने के बर्तनों के पानी मे लार्वा चेक किया व ग्रामवासियों को मलेरिया, डेंगू बुखार के लक्षण व बचाव की जानकारी दी गई। राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मी लगातार टीम बना कर गांव में माइक्रोप्लान के तहत दौरा कर रहे हैं और ग्रामीण लोगो को डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दे रहे हैं।



उचाना। अनाज मंडी में सफाई नहीं होने से फड़ पर बिखरा कूड़ा-कर्कट।

### अनाज मंडी में सफाई का बुरा हाल, बिखरा कूड़ा-कर्कट

**उचाना।** अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। मंडी के मेन रोड पर लाइट टावर के पास फड़ पर बिखरे कूड़ा-कर्कड के चलते मंडी में आने-जाने वालों के साथ-साथ आढ़तियों को परेशानी हो रही है। यहां पर शौचालय के पास डाले गए कूड़ा-कर्कट को बेसहारा पशु मुंह मार कर पूरे फड़ पर फैला देते है। ऐसे ही फायर बिग्रेड के पास अतिरिक्त मंडी में कूड़ा-कर्कट नजर आता है। आढ़तियों ने कहा कि मंडी में सफाई व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध मार्केट कमेटी करें ताकि फड़ों पर जो कूड़ा नजर आ रहा है वे न आए। सुभाष, मांगेराम, जगबीर ने कहा कि मंडी में आने-जाने वाले मेन रोड पर टावर के पास कूड़ा-कर्कट पूरे फड़ पर बिखरा हुआ है। ऐसा नहीं है ये कभी-कभी होता है बल्कि कई दिनों से ऐसा हो रहा है। पूरे फड़ पर कूड़ा-कर्कट होने के चलते आने वाली बदबू से आढ़ती, राहगीर सब परेशान है। सफाई व्यवस्था का पुख्ता प्रबंध मार्केट कमेटी प्रशासन करें। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने कहा कि सफाई करवाने के लिए टेंडर था। एक ही आवेदन आने के चलते टेंडर नहीं छोड़ा जा सका। अब दोबारा से टेंडर सफाई का लगाया जाएगा।

## जनकल्याण मंच के पदाधिकारी की दूसरी सूची जारी

# पर्यावरण बचाने के लिए 5-5 पौधे लगाएं : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि पंचायती परंपरा को मजबूत बनाने के लिए और पर्यावरण को बचाने के लिए प्रदेश के हर खाप प्रतिनिधि को व पंचायतों के प्रतिनिधि, सभी पंचायतों को अपने-अपने गांव में पांच-पांच पेड़ प्रति व्यक्ति को लगाने चाहिए। कंडेला ने कहा कि खाप पंचायतें युवाओं को नशे से दूर रखना, जल बचाना व आपसी झगड़े को सुलझाना, प्राकृतिक खेती व मोटी खेती को बढ़ावा देना, 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत बनाना और देश को आगे बढ़ना आदि खाप पंचायतें इन सभी मुद्दों पर पूरी तरह से कार्य कर रही है। कंडेला ने



जींद। पौधारोपण करते हुए टेकराम कंडेला।

सर्वखाप व जनकल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के संयुक्त संगठन को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश स्तर पर व जिला व गांव पर ब्लॉक स्तर पर कई पदाधिकारी की घोषणा की है। जिसमें सुभाष छात्तर को किसान प्रकोष्ठ का राष्ट्रीयध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डा. बलराज कंडेला को रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राजवीर फौजी जींद को मंच का उपाध्यक्ष, नरसी शर्मा को जन कल्याण मंच का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सतबीर गोयत को राष्ट्रीय महासचिव, चंद्र सिंह अहलावत को प्रदेश सचिव, स'जन शाहपुर को जिला जींद का पंचायती प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, नंदीराम वाल्मीकि को प्रकोष्ठ का प्रधान, धर्मपाल उर्फ बूरा को जिला जींद का किसान सेल का मनोनित किया गया है। इसी प्रकार कई जिलों के प्रधानों की नियुक्ति की गई है। जिसमें रोहतक जिला के सतबीर, अंबाला से सुखविंदर सिंह, सुभाष कौर पंचकूला को मनोनित किया है।

### ये रहे मौजूद

जींद ब्लॉक के गांव के प्रधानों में रणबीर ढांड, मनोज चहल दरियावाला, डा. अनूप निर्जन, जिले सिंह नंबरदार जीवनपुर को गांव की जिम्मेदारी दी गई है। कंडेला ने कहा कि संगठन के लिए किसानों और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठने के लिए गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर सभी लोगों का मजबूत सम्मेलन बुलाया जाएगा जिसमें सभी मुद्दों पर चर्चा होगी। इस मौके पर अभेराम कंडेला, अजमेर दालमवाला, रामदिया नंबरदार व कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



जींद। पौधे रोपते हुए सूर्यदास। फोटो :हरिभूमि

### बिना वृक्षों के धरती पर जीवन की कल्पना असंभव

**जींद।** संतमत धारा सेवा समिति द्वारा प्रभा आत्मबोध कुटिया के बाहर लगती सड़क के किनारे प्रधान सेवादार सूर्यदास के नेतृत्व में पौधा रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वृक्ष इस धरती पर मनुष्य व अन्य सभी प्रकार के जीवों का आधार हैं। बिना वृक्षों के धरती पर जीवन की कल्पना भी संभव नही है। हर इंसान को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है। जब तक एक पौधा बड़ा होकर पेड़ नही बन जाता, तब तक उसकी संभाल एक बच्चे की तरह करनी चाहिए। अगर पर्यावरण स्वच्छ होगा तभी अच्छी सेहत मिल सकती है। इस अवसर पर थांबूराम, रमेशचंद, हरजीत सिंह, ओमप्रकाश, सालिक राम, नितिन, नीलम देवी, सोनिया भाटिया, सीमा देवी, ललिता वर्मा, नीरज वर्मा, बबलू, कश्मीर सिंह, रिंकू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कलायत में जल्द बुलाया जाएगा विधानसभा स्तर का सम्मेलन

**कलायत।** 2024 हरियाणा विधाानसभा चुनाव को लेकर ब्राह्मण निरंतर रणनीति बनाने में लगा है। ताजा सियासी घटनाक्रम के तहत सोमवार को समाज की बैठक नगर के पुराने बाजार में हुई। इसकी अध्यक्षता ब्राह्मण एकता संघ अध्यक्ष राजेश निर्मल ने की।

### अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

**सीवन।** भाजपा युवा नेता राजपाल तंवर व पर्यावरण प्रेमी अभिषेक मेहता ने सीवन में राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला व माता नैना देवी मन्दिर सहित अन्य कई स्थानों पर पौधा रोपण किया। पौधा रोपण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम की शुरूआत की है जोकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में करने को कहा था। उसी कड़ी में पहले भी वह पौधा रोपण कर चुके हैं वह पौधे वितरित भी कर चुके हैं और आज सीवन में कई स्थानों पर उन्होंने पौधा रोपण किया है।

### 11 अगस्त को श्री खाटू जाएगी निःशुल्क बस सेवा

**पूंडरी।** श्री खाटू श्याम व सालासर के लिए 11 अगस्त को श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला की स्मृति में निशुल्क 41वीं बस सेवा कैथल से जाएगी। जिसे हरि झंडी दिखाकर अग्रवाल सभा पूंडरी के चेयरमैन पूर्व मंडी प्रधान सतीश हजवाणा रवाना करेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए हजवाणा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला के सानिध्य में शुरू की गई है। जो हर महीने इन देव स्थानों पर जाती है। बस में आने जाने व ठहरने का की व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा की जाती है।

### मधुमखी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जींद ।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा नरवाना में चलाए जा रहे 10 दिवसीय मधुमखी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्त्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर संस्थान निदेशक सुखबीर सिंह दहिया ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया व बैंकिंग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## एडीसी, एसडीएम, डीएमसी तथा सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

# शिविर में आईं 41 शिकायतें 22 का किया मौके पर निपटान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए काफी लाभकारी साबित हो रहे हैं। यहां लोगों की शिकायतों को अधिकारियों द्वारा पूरी गंभीरता से सुना जा रहा है। जिन शिकायतों को निवारण मौके पर करना संभव है, उनको मौके पर ही निपटाया जा रहा है। सोमवार को एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, डीएमसी सुशील कुमार तथा सीटीएम गुरविंद्र ने लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी। आमजन सरकार की इस मुहिम से बेहद खुश एवं संतुष्ट नजर आ रहे हैं। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिणंद गांव के सतपाल अपने राशन कार्ड से संबंधित शिकायत लेकर आया था, जहां अधिकारियों ने उसकी समस्या का मौके पर ही समाधान किया और उसे बताया कि अगले महीने उसे राशन मिल जाएगा। वहीं कैथल निवासी मनीषा राणा ने बताया कि उसे अपने परिवार पहचान पत्र में मुखिया का नाम बदलवाना था और आय को बढ़वाना था। समाधान शिविर में आने से उसकी दोनों समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो गया है। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया। इसी प्रकार मोहन लाल ने बताया कि उसके परिवार पहचान पत्र में पेंशनर लिखा हुआ था, जिसकी वजह से उसकी बुढ़ापा पेंशन बंद हो गई थी। सोमवार को वह समाधान शिविर में आया, जहां उसकी पीपीपी में त्रुटि को ठीक किया गया। वहीं कैथल के बिट्टु ने बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में पता गलत दशार्या गया था, लेकिन जब वह समाधान शिविर में आए तो इस त्रुटि को मौके पर ही ठीक कर दिया गया। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर लगाकर आमजन की परेशानी को दूर करने का काम किया जा रहा है। एडीसी सी.जया श्रद्धा ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान राज्य सरकार व जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।



कैथल। एडीसी सी जया श्रद्धा लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

समाधान शिविरों में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकाय से अनापत्ति प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शे की स्वीकृति, समाज कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन, राशन कार्ड आदि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



वाद-विवाद प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी

## शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में करवाई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**कलायत।** शिक्षा भारती विद्या निकेतन कलायत में इंटर हाउस वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता के लिए कक्षा छठी से 12वीं तक के बच्चों को चार सदनों में बांटा गया। पहले राउंड में चारों सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे राउंड में इनमें से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सदन के बीच परस्पर प्रतियोगिता रही। दूसरे राउंड के लिए चरखा सदन से सलोनी अरनव आरती ने भाग लिया और सुश्रुत सदन से खुशी संजीत व सिमरन ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के लिए वाद विवाद का विषय प्लास्टिक के लाभ व हानि रहा विद्यार्थियों ने प्लास्टिक के लाभ के बारे में काफी विस्तार से बताया। और सुश्रुत सदन के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक से होने वाली काफी हानियों के बारे में बताया। अंत में चरका का सदन को विजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता के लिए मंच का संचालन पाणिनि सदन के इंचार्ज श्रीमती मुकेश रानी द्वारा किया गया। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह व प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया और कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### कालेज में दाखिला लेने के लिए उमड़े विद्यार्थी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में आज दाखिला प्रक्रिया के दौरान काफी भीड़ रही। स्मरण रहे कि 5 जुलाई को आई पहली मेरिट सूची के दाखिले का आज दूसरा अंतिम दिन था। कॉलेज का रामकृष्ण हॉल मेरिट सूची में नाम आने वाले विद्यार्थियों से पूरी तरह भरा हुआ था। आज सुबह से ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी आने लगे थे तथा वे कॉलेज में दाखिला लेने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पहली तथा 10 जुलाई को आने वाली दूसरी मेरिट सूची के बाद हमारी पचास प्रतिशत से अधिक सीटें भर जाएंगी। डॉ. गोयल ने बताया कि विद्यार्थियों को मेरिट सूची में उनके नाम के अनुसार दाखिला दिलाने में सहायता के लिए कॉलेज के मुख्य हॉल में स्टाफ की तैनाती की गई है।

## वैकल्पिक फसलें उगाने पर किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ सात हजार रुपये: डॉ. जगबीर लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कृषि विभाग की तरफ से हरसौला, राजौंद व बाकल में किसान जागरूक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। ये शिविर उप कृषि निदेशक डॉ. बलवंत सहारण के दिशानिर्देश व उपमंडल कृषि अधिकारी कैथल डॉ. सतीश कुमार नारा की अध्यक्षता में लगाएं गए। शिविरों में खंड कृषि अधिकारी कैथल जगबीर लांबा, खंड राजौंद अधिकारी हरमीत सिंह व पूंडरी कृषि अधिकारी बलवान सिंह ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने का आह्वान किया। डॉ. जगबीर लांबा ने कहा कि अगर किसान धान की सीधी बिजाई करेगा, उसको 4 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर जाकर धान की सीधी बिजाई के लिए पंजीकरण करना होगा, तभी किसान को यह लाभ दिया जाएगा। जिन किसानों ने धान की सीधी बिजाई की हुई है। उनके खेतों में जाकर कृषि अधिकारियों की तरफ से निरीक्षण किया। किसानों को धान की सीधी बिजाई की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि इस तरीके से फसल बिजाई करने पर पानी की बचत होती है। फसल में उचित मात्रा में खाद, बीज व दवाई डालने से संबंधित पूर्ण जानकारी दी गई।



किसानों को जागरूक करते हुए कृषि विभाग के अधिकारी जगबीर लांबा।

## जाट पी.जी.महाविद्यालय कैथल में एमए अंग्रेजी शुरू

- यू. जी. कोर्स प्रथम कट ऑफ लिस्ट 101.6 तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आज जाट कॉलेज प्राचार्या डॉक्टर राजकला सिहाग पूनिया ने मीडिया को बताया कि सत्र 2024-25 में जाट पी.जी.महाविद्यालय में एम.ए. इंग्लिश शुरू हो गई है इसकी 60 सीट है। एमए हिस्टरी की 30 सीट हैं। पी.जी कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन जल्दी ही ऑनलाइन शुरू हो जाएंगे, यू.जी कोर्स की प्रथम कट ऑफ लिस्ट जारी कर दी गई है जो की निम्न है। जाट पी.जी.महाविद्यालय में प्रवेश के लिए छात्र एवं छात्राओं की भीड़ लगी हुई है। ाट पी.जी.महाविद्यालय प्राचार्या एवं अंग्रेजी विभाग की टीम ने जाट हाई स्कूल सोसाइटी के कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण को कॉलेज में एम ए इंग्लिश नए पी. जी. कोर्स शुरू होने पर बधाई दी। जाट शिक्षण संस्थान में जो नए कोर्स शुरू हो रहे है वो सब कुशल प्रशासक चंद्रशेखर सहारण जी की कडी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर डॉ परवीन ,डॉ प्रोमिला कुंडू, प्रो सुधीर गोयत, डॉ संदीप धालीवाल, प्रो राजपाल चहल, डॉ लाभ सिंह चौहान, डॉ सुदेश कुमारी, प्रो विकास नैन, डॉ कर्मवीर सिंह, प्रो सुशील मालिक, प्रो अजीत सिंह, प्रो मोनिका मान, डॉ सीमा , प्रो सुखबीर सिंह, प्रो राजेश चहल आदि मौजूद रहे।



कैथल। जाट कालेज में लगाई गई मैरिट लिस्ट को देखते युवा

## ऑनलाइन चालान के मैसेज भेजकर की ठगी

- सतर्क व सचेत रहकर करें अपने पैसे की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डिजिटल दुनिया के इस दौर में जितनी तेजी से काम हो रहे हैं, उतनी ही तेजी से साइबर ठग भी बढ़ते जा रहे हैं. एक सेकेंड में आपका बैंक अकाउंट कोई दूर बैठा शख्स खाली कर देता है, जब तक आपको कुछ पता चले तब तक पूरा खेल हो चुका होता है। ऐसे में आपको हर वक्त सावधान रहने की जरूरत है। आजकल साइबर ठग कई तरह से लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। किसी न किसी बहाने से लिंक लोगों के फोन पर भेजा जाता है और इसे क्लिक करते ही बैंक खाता खाली हो जाता है। ऐसा ही एक फ्रॉड ऑनलाइन चालान के बहाने हो रहा है, जिसमें लोगों के फोन पर ई-चालान का मैसेज जाता है और जो इस पर क्लिक करता है, उसके साथ ठगी हो जाती है। इस बारे थाना साइबर क्राइम एसएचओ पीएसआई शुभ्रांशु ने आमजन को सतर्क रहने बारे सुझाव दिए। एसएचओ ने बताया कि अब इसी लिंक का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को चूना लगा रहे हैं। एक रैंडम नंबर से लोगों को चालान जैसा ही एक मैसेज भेजा जाता है, जिसमें बताया जाता है कि आपका ई-चालान हुआ है।



### कैमरे से होता है ई-चालान

*पीएसआई शुभ्रांशु ने बताया कि आजकल कई जगह रेड लाइट और सड़क पर कैमरे लगे हुए हैं, अगर आपने किसी भी ट्रैफिक नियम का उल्लंघन किया तो ये तुरंत आपकी फोटो लेते हैं और कंट्रोल रूम को भेज देते हैं। जिसके बाद आपका चालान हो जाता है, इसे ई-चालान कहते हैं। ई-चालान कटने का मैसेज रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आता है। जिसमें एक लिंक होता है, ऊपर लिखा होता है कि आपने ट्रैफिक नियम तोड़ा है और आपका चालान किया गया है। लिंक पर क्लिक करने के बाद आपको चालान की पूरी डिटेल मिलती है, साथ ही फोटो भी अटैच होती है। यहीं से आप अपने चालान का पेमेंट भी कर सकते हैं।*

## दूसरे के हैप्पी कार्ड पर यात्रा करने को लेकर रोडवेज विभाग ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हैप्पी कार्ड बनने के साथ ही लोगों ने दूसरे के हैप्पी कार्ड पर यात्रा भी शुरू कर दी है। जब यह मामला रोडवेज विभाग के अधिकारियों के सामने आया तो विभाग ने इसे रोकने के लिए अब यात्रा के समय यात्री को हैप्पी कार्ड के साथ आधार कार्ड दिखाना भी अनिवार्य कर दिया है।

बता दें कि हैप्पी कार्ड वितरण के बाद से परिचालकों के समक्ष दूसरे के हैप्पी कार्ड पर सफर करने की समस्या आ रही थी। अब आधार कार्ड दिखाए बिना परिचालक हैप्पी कार्ड धारकों की टिकट नहीं काटेगा। दूसरे के हैप्पी कार्ड पर सफर करने वाले लोगों की इस काम से रोडवेज को काफी नुकसान होता था। ऐसे में विभाग की ओर से विशेष फ्लाइंग की टीम भी ऐसे लोगों पर निगाह रखने के लिए बनाई गई थी।

### पहले आई थी समस्या

*हरियाणा राज्य परिवहन कैथल के महाप्रबंधक कमलजीत चहल ने बताया कि कुछ समय पहले ऐसी समस्या आई थी कि दूसरे के हैप्पी कार्ड पर लोग सफर करते थे। ऐसे में रोडवेज विभाग को नुकसान होने लगा था। परंतु अब आला अधिकारियों ने हैप्पी कार्ड लाभार्थी के लिए हैप्पी कार्ड के साथ आधार कार्ड भी दिखाना शुरू किया है।*



गांव बीर बागड़ा में विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

## सिंगल-यूज प्लास्टिक उत्पादों के प्रयोग को कहें ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

ग्रीष्मकालीन अवकाश मे इको क्लब के तत्वाधान में चल रहे कैंप के आज आखिरी दिन सभी छात्र-छात्राओं को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगरा में सिंगल-यूज प्लास्टिक के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

इको क्लब प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में चल रहे इस कैंप के आज अंतिम दिन विद्यालय के हिंदी प्रवक्ता श्री तेजपाल ने सभी छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक उत्पादों के एकल प्रयोग के बारे में बताया , उन्होंने बताया की इन प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग हमें नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे हमारे पर्यावरण को बहुत अधिक क्षति पहुंचती है ये प्लास्टिक उत्पाद जिन में पॉलिथीन ,खाली प्लास्टिक की बोतल व अन्य सामग्रियों के पैकिंग के दौरान काम आने वाले प्लास्टिक की चीज इत्यादि आते हैं, उनसे हमारे पर्यावरण को बहुत अधिक नुकसान होता है क्योंकि इन उत्पादों के प्रयोग से भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण व वायु प्रदूषण होता है। अगर हम इन उत्पादों का पुनर्चक्रण करके इनसे नया उत्पाद बनाएं तो उनसे कुछ हद तक पर्यावरण प्रदूषण को काम किया जा सकता है ।हमें अपने दैनिक जीवन में बाजार से सामान लाने के लिए पॉलिथीन की थैलियां का प्रयोग बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए हमें अपने घर से जूट या कपड़े के थैलों का प्रयोग अपने सामान लाने के लिए करना चाहिए ,क्योंकि इस प्रकार के थैलो का हम बार-बार प्रयोग कर सकते हैं तथा इससे हमारे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होता।

## बाल उपवन आश्रम स्पेशलाइज्ड एडोप्शन एजेंसी ने फिर से महकाया एक दंपत्ति का परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित बाल उपवन आश्रम स्पेशलाइज्ड एडोप्शन एजेंसी ने आज फिर इंद्री के एक व्यक्ति को बच्चा गोद देकर उनके घर में उजियाला करने का काम किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एजेंसी के माध्यम से यह बच्चा संस्था के प्रधान रविभूषण गर्ग ने दंपत्ति को सौपा। बता दें कि श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित बाल उपवन आश्रम स्पेशलाइज्ड एडोप्शन एजेंसी चलाई जा रही है जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के नियमानुसार अनाथ व त्यागे गए नौनिहालों को आश्रय दिया जा रहा है तथा बाद में विभागीय आनलाइन पोर्टल के माध्मय से इन बच्चों को ऐसे दंपत्तियों को गोद दिया जाता है जो बच्चा गोद लेना चाहते हैं। इसके लिए विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। गौरतलब है कि सभा द्वारा संचालित की जा रही बाल उपवन आश्रम स्पेशलाइज्ड एडोप्शन एजेंसी में पिछले पांच सालों में करीब 75 बच्चों को गोद दिया जा चुका है।



समाजसेवी रविभूषण गर्ग दंपति को बच्चा सौपते हुए

### 11 जुलाई को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**कलायत।** कलायत के गांव बात्ता में भगवान परशुराम सेवा समिति एवं सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 12 जुलाई को भगवान परशुराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दादा खेड़ा धार्मिक स्थल से परंपरा अनुसार धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस दौरान 31 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वेद की विधि के अनुसार कलश स्थापना एवं पूजा अर्चना करवाई गई। इस धार्मिक समागम में भारी संख्या में श्रद्धालु जुडे रूप रेखा अनुसार 11 जुलाई को शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 जुलाई को भगवान श्री परशुराम मंदिर में भगवान परशु राम, भगवान श्री राम दरबार, श्री राधा-कृष्ण, शिव परिवार ,वीर हनुमान जी, श्री दुर्गा माता, सिद्ध बाबा राजपुरी जी व सिद्ध बाबा ब्रह्मपुरी जी महाराज और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना से जुड़े देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित होगी। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक महाकुंभ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना है।



## पुलिस व पब्लिक के बीच का गैप धीरे धीरे हो रहा कम, पुलिस अपना रही सौहार्दपूर्ण तरीका : एसपी

- थानों व चौकियों में शिकायतकर्ता व पीड़ित से सहज तरीके से पेश आएं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पुलिस प्रशासन का जितना डर आमजन में पहले था, वह अब धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है और आमजन को पुलिस अधिकारियों से मिलने में भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आती। रूटीन में उनके पास सैंकड़ों लोग अपनी समस्या लेकर आते हैं, जोकि थाने और चौकियों की बजाय सीधे उनके कार्यालय में पहुंचते हैं इसलिए पुलिस व पब्लिक के बीच काफी दूरियां खत्म हुई है। उपरोक्त शब्द कैथल एस.पी. उपासना मैडम ने पुण्डरी में विशेष बातचीत में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले लोग थानों और चौकियों में जाते समय लोगों में हिचकिचाहट होती थी परंतु जब से सीनियर सिटीजन हेल्प ग्रुप, मित्र कक्षा और समय-समय पर थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों की बैठक और उच्च अधिकारियों द्वारा डी.एस.पी., एस.पी. लेवल तक के अधिकारियों की लगातार जो मीटिंग होती हैं, उनमें भी हिदायतें मिलती है कि पब्लिक जो भी समस्या या शिकायत लेकर थानों में आती है, उनसे सौहार्दपूर्ण तरीके से व्यवहार किया जाए।



पूंडरी में बातचीत करती हुई एस.पी. उपासना सिंह।

## सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रही भजन मंडलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत गांव-गांव भजन पार्टियों द्वारा सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डीसी प्रशांत पंवार के मार्ग दर्शन में सोमवार को ड्रामा पार्टियां एवं भजन मंडलियां गांव फरीबाद, कुकंडा, सेरधा, करोड़ा, मंडवाल, संतोख माजरा, ईसाई खेड़ा, सिसला, सिसमौर में पहुंचकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। भजन पार्टियों द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के बुजुर्गों को तीर्थों की निःशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। इसके साथ ही गरीब परिवारों को जिनकी आय 1 लाख रुपये से कम हैं, उनके हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे वे हरियाणा रोडवेज की बसों में 1 हजार किलोमीटर तक फ्री यात्रा कर सकते हैं। इसके अलावा वृद्धावस्था पैंशन योजना, परिवार पहचान पत्र, जल जीवन मिशन, आयुष्मान योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना आदि योजनाओं के बारे में लोक गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर के बाहर से कार को बनाया निशाना

**कैथल।** जाट स्कूल के पास घर के बाहर से एक आरोपी एक युवक की कार चोरी कर ले गया। गांव जाखौली निवासी साहिल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि वह इस समय कैथल में जाट स्कूल के पास गली नंबर पांच में रहता है। चार जून को रात के समय उसने अपनी कार घर के बाहर खड़ी की थी। वहां से आरोपी अशोक उसकी कार चोरी कर ले गया। जांच अधिकारी जगभान सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मकान से जेवरात और नकदी चुराई, केस दर्ज

**कैथल ।** सीवन में चोर एक मकान से सोना-चांदी के गहने और 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीवन निवासी सीमा ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका पति चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है और ज्यादातर वहीं रहता है। पांच जून को वह भी सीवन से अपने मायके बराड़ा जिला अंबाला चली गई। जब सात जुाई को वापस घर आई तो पाया कि उनके घर में चोरी हो चुकी है। अज्ञात आरोपी उनके घर से सोना-चांदी के गहने और 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी सुनील ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जाट धर्मशाला में नि:शुल्क होम्योपैथी औषधालय शुरू

**जींद।** हरियाणा सरकार और आयुष विभाग ने शहर के अर्बन स्टेट स्थित जाट धर्मशाला में होम्योपैथी औषधालय शुरू कर दिया है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के अनुसार जाट धर्मशाला में होम्योपैथी औषधालय के शुभारंभ होने से सामान्य अस्पताल स्थित परिसर में आयुष विभाग में ओपीडी का दबाव कुछ कम होगा। अर्बन एस्टेट, डिफेंस कॉलोनी और हाउसिंग बोर्ड के निवासियों को अब उनके नजदीक में ही होम्योपैथी का इलाज और परामर्श मिलेगा। अर्बन स्टेट और डिफेंस कॉलोनी के निवासियों का भी कहना है कि जाट धर्मशाला में होम्योपैथी औषधि खुलने पर अब उनको सामान्य अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। जिस से उनको समय और पैसे की बचत होगी। डा. शिवम गांधी ने बताया कि इस औषधालय में मरीजों के इलाज की सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है।

### रोजाना सरपंचों के साथ मिलेंगे जनस्वास्थ्य कर्मी

**उचाना।** गांव में पीने के पानी संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जन स्वास्थ्य विभाग गंभीर हो गया है। अब हर रोज जन स्वास्थ्य विभाग उचाना कार्यालय में दस गांव के सरपंचों के साथ एसडीओ द्वारा मीटिंग की जाएगी। पीने के पानी संबंधित जो-जो समस्याएं है उनका पता कर उनको दूर करने का काम किया जाएगा। सोमवार को छात्तर, संडील, डूमरखा कला, सफा खेड़ी, खरकभूरा, सुदकैन कला गांव के सरपंच पहुंचे। गांव में पीने के पानी की समस्या की सबसे बड़ी वजह सरपंचों द्वारा अवैध पानी के कनेक्शनों को बताया। एसडीओ सुनीता नैन ने जो-जो समस्याएं सरपंचों ने रखी उनका समाधान जल्द करने का उन्हें आश्वासन दिया।

### भाजपा जींद जिले की विस्तारित कार्यसमिति बैठक का आयोजन

# प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जी-जान से जुटें कार्यकर्ता : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी की जींद जिला की विस्तारित जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन बैठक रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। इसमें हरियाणा प्रदेश के संगठन महामंत्री फनींद्रनाथ शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार राजू मोर ने की। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक रूप से आगामी कायोंर् व योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को 75 दिन का टास्क संगठन की तरफ से दिया गया है और कार्यकर्ता इन दिनों में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनाने के लिए काम करेंगे। घर-घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी और बीजेपी की नीतियों का प्रचार करेंगे। संगठन मंत्री में इस अवसर कार्यकर्ताओं की मन की बात को टटोला और उनके सुझाव लिए इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिए और अपने अपने मन की बात को भी संगठन मंत्री के सामने रखा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजू मोर ने कहा कि भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि पीएम मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पिछले दस साल में देश और प्रदेश का नाम ऊंचा किया है और हमें हर मतदाता के पास सिर उठा कर जाना है। राजू मोर ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सरकार आती थी जो सिर्फ भ्रष्टाचार फैलाती थी तो दूसरी सरकार सिर्फ अपने जिले में काम करती थी। राजू मोर ने कहा के भाजपा सरकार ने पूरे हरियाणा का समग्र विकास किया है। सभी जिलों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन 10 साल में कोई यह नहीं कह सकता कि हरियाणा में किसी की दबंगई चलती है। हरियाणा में कानून व्यवस्था को सिर्फ भाजपा सरकार ने सुधारा है। उन्होंने कहा के लोकसभा में सीटें कम आने के जो भी कारण रहे हो उनका मंथन करके और कमियों को दूर करके पूरी ताकत से हमें चुनावों में जुट जाना है और पूरी ताकत से लड़कर चुनाव जीतकर प्रदेश में तीसरी बार फिर सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रांति फैलाने में जुटी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार हुई है। भाजपा को इस बार 2014 के चुनाव से पांच फीसदी 'यादा मत मिले हैं। इंडिया गठबंधन के सभी दलों की सीटें मिला ली जाए तब भी भाजपा से कम हैं। छह दशक बाद पहली बार कोई व्यक्ति तीसरी बार पीएम बना है और वह मेरे और आपके नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। बैठक में वरिष्ठ नेता विजयपाल एडवोकेट ने राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया और केंद्र व रा'य सरकार की योजनाओं व कायोंर् पर विस्तार से बताया। ।जनीतिक प्रस्ताव पर पूर्व विधायक कलीराम पटवारी ने अनुमोदन रखा। जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने भाजपा सरकारों के काम व योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। बैठक को जींद नगर परिषद चेयरपर्सन अनुराधा सैनी व अन्य प्रमुख नेताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री डा. राज सैनी, चेयरमैन कर्मबीर सैनी, चेयरमैन श्रवण गर्ग, कलीराम पटवारी, जसबीर देशवाल, मनीष बबलू गोयल, पुष्पा तायल आदि मौजूद रहे।



**जींद।** भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में मौजूद प्रदेश के संगठन महामंत्री फनिंद्रनाथ शर्मा और अन्य पदाधिकारी।



**कैथल।** बैठक करती आशा वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

# आशा वर्कर्स 11 को करेंगी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

■ बिना मानदेय ऑनलाइन काम का दबाव बना रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आशा वर्कर यूनियन हरियाणा जिला कमेटी की बैठक भगत सिंह भवन कैथल में जिला प्रधान सुषमा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक का संचालन जिला सचिव कविता ने किया। कविता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार आशा वर्कर्स पर बिना मानदेय ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है।

राज्य महासचिव सुनीता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले आशा वर्कर के मानदेय में बढ़ोतरी करेगी और हरियाणा सरकार भी आशाओं के मानदेय में कुछ बढ़ोतरी करेगी और ऑनलाइन काम करवाने के लिए कुछ मानदेय दिया जाएगा परंतु केंद्र सरकार द्वारा आशाओं के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है काम लगातार बढ़ता जा रहा है आशाओं के मानदेय का भुगतान भी समय पर नहीं किया जाता और ना ही किए हुए काम का पूरा पैसा दिया जाता है।

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर नई-नई ऐप बनाकर आशाओं पर ऑनलाइन काम का दबाव बना रही है जिससे तमाम वर्कर्स में नाराजगी है। आज आशा वर्कर यूनियन की बैठक में निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार आशा वर्कर, मांगो का समाधान नहीं करेगी तो आशा वर्कर आंदोलन करेंगे। 11 जुलाई को पूरे प्रदेश में आशा वर्कर जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी और 18 जुलाई तक मांगों का समाधान नहीं हुआ तो स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर 19 जुलाई को प्रदेश भर की आशा वर्कर द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

# बृज मंडल यात्रा के लिए हिंदू समाज से आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्रावण मास की प्रथम सोमवार को रुद्राभिषेक हेतू बृज मंडल यात्रा के निमित्त सोमवार को पीठाधीश्वर स्वामी सूर्यानंद सरस्वती महाराज ने हिंदू समाज का आह्वान किया है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्त्ता रविवार को उनसे मिले थे। उन्होंने बताया कि यात्रा का प्रथम पड़ाव नल्हड़ का शिव मंदिर रहेगा। जो महाभारत काल का माना जाता है। माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने कौरवों और पांडवों का समझौता कराने के लिए नूंह के पास अरावली पर्वत पर स्थित इस शिव मंदिर की जगह चुनी थी। वहां पर अर्जुन द्वारा मारे गए बाण से आज भी जलाभिषेक निरंतर जारी है। यह अत्यंत रमणीक स्थल है। महंत शक्ताईनाथ ने कहा कि वे सैंकड़ों श्रद्धालुओं के साथ बृजमंडल यात्रा में शामिल होंगें। यात्रा का दूसरा पड़ाव नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर अरावली पर्वत की वादियों में भगवान शिव का एक अद्भुत मंदिर है, वहां होगा। पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान यहां समय बिताया था। झिरकेश्वर महादेव के नाम से विख्यात इस मंदिर में सूनी गोद वाले संतान के लिए मन्नत मांगते हैं। यात्रा के तीसरा पड़ाव बृज के छोर पर बसे पुन्हाना गांव में होगा। द्वापर काल में भगवान श्रीकृष्ण ने रासलीला के दौरान यहां के तालाब में नहा कर अपना श्रृंगार किया था। तभी से ही गांव वालों ने तालाब के पास एक मंदिर बना दिया। गांव में भगवान श्रीकृष्ण ने श्रृंगार के साथ-साथ एक स्थान पर घंटी भी बजाई थी। जिससे उस स्थान का नाम ताली रख दिया व मुंह धोने वाले तालाब का नाम मुंहखर रख दिया। लोगों द्वारा इन स्थानों की विशेष पूजा की जाती है। इसके बाद मंदिर का जीणारे्द्धार भी कराया गया और माता के साथ ही शिव परिवार की भी स्थापना कराई गई। उस समय बृज मंडल की गोपियों ने भगवान कृष्ण ने पुनः आने का निवेदन किया था। जिससे गांव का नाम पुन्हाना पड़ गया। इस अवसर पर श्री राधेश्याम चिल्लाना, सुशील शास्त्री, सुभाष गुप्ता, सुशील सिंगला, हरीश रामकली, रघुवीर शर्मा, नरेंद्र ग्रोवर, महावीर बिरौली, आदि मौजूद रहे।



**जींद।** महंत से मिलते हुए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता।

# वृद्धों को गंगा स्नान के लिए रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश कांग्रेस सदस्य बलजीत रेढू ने सोमवार को जींद के दरियावाला गांव से सैंकड़ों महिलाओं और बुजुगोंर् से भरी बसों को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान करवाने के लिए रवाना किया। बलजीत रेढू ने कहा कि समाजसेवा का उनका सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा। 11 हजार लोगों को 100 दिन में गंगा स्नान करवाने की उनकी मुहिम अंजाम तक पहुंचेगी। अपने क्षेत्र की महिलाओं बुजुगोंर् माता और बहनों को हरिद्वार में गंगा स्नान करवा कर उन्हें परम सुख मिल रहा है। रेढू ने कहा कि अपने क्षेत्र के लोगों का प्यारए समर्थन और आशीर्वाद उन्हें इसी तरह मिलता रहा तो समाजसेवा का उनका यह सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा। बसों में सवार होकर गंगा स्नान के लिए जाने वाले गांव के लोगों ने बलजीत रेढू को दोनों हाथ उठा कर आशीर्वाद दिया और कहा कि बलजीत रेढू केवल बोहतवाला का बेटा नहीं होकर पूरे हलके का बेटा है। उनके साथ सरपंच बलजीत, पूर्व सरपंच लीला, सतीश, जुगमेर, महासिंह, शीशपाल, सतपाल, उमेद सिंह, अजीत, धर्माबीर, भान सिंह, राजेश, अजय, छोटा राम, महावीर आदि भी थे।



**जींद।** हरी झंडी दिखा कर श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए बलजीत रेढू।

### महिलाओं को रोजगार के लिए दिया जा रहा अनुदान : प्रशांत पंवार

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की व्यक्तिगत ऋण योजना के अन्तर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है और आयकर दाता नहीं हैं, उन महिलाओं को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से जिला प्रबंधक द्वारा 1 लाख रुपये व अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा 1.50 लाख रुपये तक ऋण बैंको को स्पोंसर करने की शक्तियां मुख्यालय से प्राप्त हैं। इसमें हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान राशि अधिकतम 10 हजार रुपये (सामान्य व बीसी केटेगरी के लिए) तथा 25 प्रतिशत अनुदान राशि (अनुसूचित जातियों के लिए) अधिकतम 25 हजार दी जाती है।

# नगूरां में चलाया रेपिड फीवर मास सर्वे अभियान

■ डेंगू पर नियत्रंण के लिए आरआरटी टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

उप सिविल सर्जन मलेरिया जींद डा. बिजेंद्र ढांडा के आदेशानुसार डेंगू तथा मलेरिया के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग की नौ टीमें निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में नगूरां गांव में फील्ड में उतरी। इस दौरान टीम ने नगूरां गांव में रेपिड फीवर मास सर्वे जागरूकता अभियान चलाया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान टीम ने 1530 घरों का सर्वे करने के अलावा तथा बुखार संभावित 96 लोगों की रक्त पट्टिकाएं बनाई। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान टीम ने होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में संडे को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करें। बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त पटिकाएं बनाएं। रात के सोते समय पूरी बाजू के कपड़े और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। डेंगू पर नियत्रंण के लिए गांव के तालाओं में गंबूजिंया मछलिया डाली गई है ताकि मच्छरों के लारवा को चट कर सकें। इसके अलावा पीएचसी तथा सीएचसी पर आरआरटी टीम का गठन किया गया है। जिसमें मेडिकल आफिसर, फार्मासिस्ट, स्वास्थ्य निरीक्षक, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निीशीयन तथा स्वास्थ्य कर्मचारी मेल को शामिल किया गया है। डेंगू मरीजों के लिए अलग से पीएचसी व सीएचसी में वार्ड स्थापित कर दिए गए हैं।



**अलेवा।** नगूरां गांव में लोगों के खून की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# गांव के पंचों ने समस्याओं को लेकर किया मंथन

■ पंचों का मासिक मानदेय 4500 रुपये किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगूरां समेत विभिन्न गांवों के पंचों ने अपनी समस्याओं को लेकर नगूरां गांव में एक मिटिंग का आयोजन किया गया। मिटिंग की अध्यक्षता पंच सुदेश ने की। इस अवसर पर पंचों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। पंचों को संबोधित करते पंच सुदेश नगूरां ने कहा कि पंच सरपंचों के लिए एक अहम कड़ी का काम करते हैं। इसलिए सरकार को चाहिए कि पंचों का मासिक मानदेय 4500 रुपये किया जाए। सरपंचों की तर्ज पर पंच की पेंशन लागू की जाए। पंचों का स्वास्थ्य बीमा लागू करने के अलावा अपने वार्ड में कायारे् की तसदीक करने की अनुमति दी जाए। सरपंचों की तरह पंच का लैटर पैड व स्टम्प लागू की जाए। पंचों को पंचायत में किए कार्यों की अलग से जिम्मेदारी दी जाए।

सभी पंचों को सरपंचों की तर्ज पर टीए ओर डीए मिलना चाहिए। पंचायत की सभी मिटिंग सचिव की अध्यक्षता में पंचों की मौजदूगी में होनी चाहिए। पंचायत पंचों को भी कार्यालय के लिए कुर्सी और अलमारी मिलनी चाहिए।

### लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने अंगुल में आयोजित रथयात्रा में की शिरकत

**पूंडरी।** जगत स्वामी महाप्रभु जगन्नाथ की देवभूमि-अंगुल में आयोजित रथयात्रा में कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद नवीन जिंदल ने शिरकत की और उमड़े जनसैलाब को रथयात्रा में शामिल होने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि रथयात्रा का हिस्सा बनकर उन्हें दिव्य आध्यात्मिक अनुभूति हुई है। इस पावन अनुष्ठान को यादगार बनाने के लिए जिंदल ने सभी श्रद्धालु जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में हम सभी प्रभु का नाम लेकर साथ-साथ चले जोकि सभी भेदभाव से ऊपर हमारी एकता का प्रतीक है। नवीन जिंदल ने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी, यही मंगल कामना की गई है। नवीन जिंदल ने अपने सामाजिक मीडिया अकाउंट्स पर जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस वर्ष के जगन्नाथ यात्रा में भाग लेकर लाखो श्रद्धालुओं ने एक संदेश कि हम सब भारतीय बेशक अलग-अलग मतों, धमारे्, कमारे् को मानते हैं परंतु फिर भी सभी एक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कार्यक्रम | पबनावा के रविन्द्र कौशिक ने किया अपने दादा का सपना साकार

# रविंद्र का बास्केटबॉल की अंडर-18 भारत की टीम में चयन

नरेश ढांडा ▶▶| ढांड

गांव पबनावा निवासी युवा खिलाड़ी रविंद्र कौशिक का 10 जुलाई को श्रीलंका में होने वाली बास्केटबॉल की अंडर 18 टीम प्रतियोगिता में भारत की टीम में चयन हुआ है। खिलाड़ी रविंद्र के भारत की अंडर 18 टीम में चयन होने पर गांव में खुशी का माहौल है और घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### हरियाणा की ओर से खेलते हुए कई पदक जीते

युवा खिलाड़ी रविंद्र के पिता एडवोकेट धर्मवीर ने बताया कि मेरा बेटा पिछले 6-7 साल से बास्केटबॉल का खिलाड़ी है जिसका पहले हरियाणा प्रदेश की टीम में भी खेलता था और अब चंडीगढ़ की टीम में खेलता है। युवा खिलाड़ी रविन्द्र ने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए सिल्वर मेडल के साथ अन्य कई पदक हासिल किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि रविंद्र बचपन से ही बास्केटबॉल का खिलाड़ी बनने की सोच रखता था और आज राष्ट्रीय बास्केटबॉल अंडर-18 टीम में चयन होने पर पूरे परिवार एवं गांव पबनावा में खुशी का माहौल है। 12वीं पास युवा खिलाड़ी पहले हरियाणा की टीम की तरफ से खेलता था और अब पिछले तीन-चार साल से चंडीगढ़ की टीम में खेलता है जिसका अब अंडर-18 राष्ट्रीय टीम में चयन हो गया है।



बास्केटबॉल के युवा खिलाड़ी रविंद्र कौशिक पबनावा।

**गांव के युवाओं में खुशी की लहर**

12वीं पास खिलाड़ी रविंद्र का राष्ट्रीय टीम में चयन होने पर गांव के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव के युवा हर्ष कुमार शर्मा, शिवम कुमार,केशव अर्णव शर्मा, दीपू शर्मा ने बताया कि रविंद्र बचपन से ही बास्केटबॉल में रुचि रखता था जिसका सपना था कि वह इस खेल में भारत की टीम में खेले और जिसका आज सपना भी पूरा हो गया है इसलिए रविंद्र का राष्ट्रीय अंदर 18 टीम में चयन होने पर गांव के सभी युवा खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

### गांव, अभिभावकों व जिले का नाम किया रोशन

सरपंच कश्मीर सिंह, मा. ईश्वर शर्मा, पूर्व मंडी प्रधान रमेश कुमार, मा. ओमप्रकाश, गणेश दत्त कौशिक, सुरजीत सिंह,रवि कुमार,महेंद्र सिंह, सतीश कुमार पंच,मा. राजेश कुमार व बलबीर सिंह,नरेश कुमार ने कहा युवा खिलाड़ी रविंद्र ने बास्केटबॉल में अच्छा प्रदर्शन करते उनका भारत की बास्केटबॉल की अंडर -18 टीम में चयन होने पर गांव पबनावा में खुशी का माहौल है जिसके कारण उन्होंने अपने माता-पिता ही नहीं वल्कि पूरे गांव पबनावा व जिला कैथल का नाम रोशन किया है जिसके लिए युवा खिलाड़ी रविंद्र व उनके माता-पिता बधाई के पात्र हैं। ग्रामीणों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते कहा कि हमें उम्मीद है कि टीम में खेलकर वह अच्छा प्रदर्शन कर देश को जीत दिलाए और देश का नाम रोशन करें। आपको बता दें कि गांव पबनावा के युवा खिलाड़ी अजय कुमार भी राष्ट्रीय वालीबाल टीम का खिलाड़ी है।

### दादा का सपना था कि वह भारतीय टीम का हिस्सा बने

युवा खिलाड़ी रविंद्र के पिता एडवोकेट धर्मवीर ने बताया कि उनके पिता स्व. साधु राम शर्मा का सपना था कि उनका पोता देश की टीम में खेले, लेकिन वह अब नहीं रहे परंतु उनके पोते ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए अपने दादा स्व. साधु राम का सपना भी पूरा कर दिया है।